अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# DAILY CURRENT *Analysis*

## TOP 10 NEWS With MCQs

**02 MAR. 2023**

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप 2023 छठी बार खिताब जीता**




- 
- ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 19 रनों से हराकर छठी बार खिताब अपने नाम कर लिया है।
- यह आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप टूर्नामेंट का आठवां संस्करण था, जिसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी 2023 तक किया गया।
- महिला टी20 विश्व कप 2023 के खिताबी मुकाबला का आयोजन मेजवान दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में किया गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया जीत हुई।
- ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का यह सातवां टी20 विश्व कप फाइनल मुकाबला था।
- ऑस्ट्रेलियाई टीम 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और अब 2023 में चैंपियन बन चुकी है।
- ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी बार महिला टी20 विश्व कप में खिताबी हैट्रिक लगाई है।

2. **हैदराबाद में नारियल उत्पादों के व्यापार और विपणन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया**




- नारियल विकास बोर्ड हैदराबाद, तेलंगाना में अंतर्राष्ट्रीय नारियल समुदाय (आईसीसी) के सहयोग से 27 से 28 फरवरी, 2023 को विश्व के हितधारकों की भागीदारी के साथ नारियल उत्पादों के व्यापार एवं विपणन पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का थीम "ग्लोबल कोकोनट इंडस्ट्री - क्रूजिंग टू द पिनेकल" है।

3. **कर्नाटक, गुजरात स्वच्छ ऊर्जा अपनाने वाले शीर्ष भारतीय राज्य**



- कर्नाटक और गुजरात ने स्वच्छ विद्युत परिवर्तन की दिशा में अधिकतम प्रगति की।
- इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (IEEFA) द्वारा प्रकाशित एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य इस क्षेत्र में बहुत पीछे हैं।
- रिपोर्ट में 16 भारतीय राज्यों का विश्लेषण किया गया है, जो देश की वार्षिक बिजली आवश्यकता में 90% के हिस्सेदार हैं।

4. **भारत सरकार ने बंजारा समुदाय के धार्मिक गुरु संत सेवालाल महाराज के जयंती का आयोजन प्रथम बार किया**




- 
- केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय पहली बार बंजारा समुदाय के आध्यात्मिक और धार्मिक गुरु संत सेवालाल महाराज की 284वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे साल उत्सव का आयोजन कर रहा है।
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत यह जयंती वर्ष कार्यक्रम 26 फरवरी, 2023 को आरंभ हुआ।
- इसके तहत 26-27 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 284वें जयंती समारोह के एक भाग के रूप में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**संत सेवालाल महाराज:**

- इनका जन्म 15 फरवरी, 1739 को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के सुरगोंडनकोप्पा में हुआ था।
- आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा में उनके असाधारण ज्ञान, उत्कृष्ट कौशल और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि के कारण वे आदिवासी समुदायों में प्रचलित मिथकों व अंधविश्वासों को दूर करने और उनके जीवन में सुधार लाने में सक्षम थे।
- देश में बंजारा समुदाय की आबादी लगभग 10 से 12 करोड़ है।

5. **भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने स्वदेशी डेटा लिंक संचार: वायुलिंक विकसित किया**



- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने एक उपलब्धि के तौर पर स्वदेश निर्मित जैमर - प्रूफ कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म 'वायुलिंक' का शुभारंभ किया है। यह खराब मौसम में भी बेस स्टेशन के साथ संपर्क बनाये रखने में सहायक होगा।

- यह आईएएफ द्वारा विकसित किया एक बेहद सुरक्षित कम्युनिकेशन सिस्टम है।

**प्लेटफॉर्म वायुलिंक:**

- वायुलिंक एक एड-हॉक डेटा लिंक कम्युनिकेशन सिस्टम है, जो एक विमान में स्थापित होने पर, सुरक्षित चैनल पर एन्क्रिप्टेड ट्रैफ़िक डेटा के साथ-साथ अन्य विमानों की स्थिति को बताने में मदद करता है।
- जैमर -प्रूफ प्लेटफॉर्म 'वायुलिंक' डेटा लिंक संचार भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) का उपयोग करता है, जिसे नाविक भी कहा जाता है।

**6. आईआईटी इंदौर के छात्रों ने दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में स्वर्ण पदक के साथ एईडी (अमीरात दिरहम) 1 मिलियन का पुरस्कार जीता**



- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के छात्रों ने दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में स्वर्ण पदक के साथ एईडी (अमीरात दिरहम) 1 मिलियन का पुरस्कार जीता।
- नियति तोताला और नील कल्पेशकुमार पारिख जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) इंदौर के छात्र हैं, को मिस्र के राष्ट्रपति एबेल फत्ताह अल सिसी द्वारा इस प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया गया।
- छात्र 'ब्लॉक' ऐप के निर्माता हैं।

**'ब्लॉक बिल' ऐप**

- ब्लॉकबिल एक ब्लॉकचेन-आधारित रसीद जनरेशन ऐप है जो अपने सभी उपयोगकर्ताओं के लेनदेन के लिए डिजिटल रसीदें बनाता है।
- यह ऐप कई समस्याओं को हल करता है, जो मुद्रण रसीदों के लिए थर्मल पेपर के उत्पादन से संक्रमण से निजात दिलाता है।

**7. एलन मस्क फिर से शीर्ष पर पहुंचे, फिर से ग्रह पर सबसे अमीर व्यक्ति बन गए**



- ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने 28 फरवरी को एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की स्थिति को पीछे छोड़ दिया।
- दूसरे स्थान पर रहने वाले फ्रांसीसी बिजनेस टाइकून बर्नार्ड अर्नाल्ट की कुल संपत्ति $ 185 बिलियन है, जो टेस्ला के सीईओ एलोन मस्क से $ 187 बिलियन पीछे है।
- 117 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ अमेजन के कार्यकारी चेयरमैन जेफ बेजोस संपत्ति के मामले में तीसरे स्थान पर हैं।
- टेस्ला स्टॉक की कीमत में मजबूत वृद्धि, जो 2023 में 92% तक बढ़ गई और 2023 में अब तक नैस्डैक 100 की रैली से आगे निकल गई, को मस्क की संपत्ति में उछाल का कारण बताया गया है।
- नैस्डैक 100 इंडेक्स में इस साल अब तक 11% की बढ़ोतरी हुई है।

**8. पहली बार केरल के एक मंदिर में अनुष्ठान करने के लिए 'रोबोट हाथी' का उपयोग किया**



- इरिंजादप्पिल्ली श्री कृष्ण मंदिर ने अनुष्ठान करने के लिए हाथी के एक आदमकद मोटर चालित मॉडल का उपयोग किया।
- 11 फुट लंबा 'रोबोटिक हाथी' लोहे के फ्रेम और रबर की परत से बना है जिसका वजन 800 किलोग्राम है। इसमें पांच शक्तिशाली इलेक्ट्रिक मोटर है।
- यह पहल बंदी हाथियों के पुनर्वास का समर्थन करेगी।
- इस रोबोट को पीपुल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ- एनिमल्स (पेटा) इंडिया द्वारा त्रिशूर जिले के जाड पिल्ली श्रीकृष्ण मंदिर को दान किया गया है।
- रोबोटिक हाथी एक समय में पांच व्यक्तियों और महावत को ले जा सकता है।
- रोबोटिक हाथी त्रिशूर में कलाकारों के एक समूह द्वारा बनाया गया।

**9. पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस तरह की मशीन भोपाल के ऐशबाग में लगाई गई**


भोपाल के ऐशबाग में लगी मशीन, कई और महानगरों में लगाने की योजना

अब गरीबों को फूड एटीएम से 24 घंटे मिलेगा अपने हिस्से का राशन

- पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस तरह की मशीन भोपाल के ऐशबाग में लगाई गई है।
- हितग्राही थंब इंप्रेशन लगाकर एटीएम मशीन से अनाज निकाल सकेंगे। इसके लिए हितग्राही को अपना आधार नंबर, मोबाइल और राशन कार्ड लिंक कराना होगा। मशीन पूरी

तरह से टच स्क्रीन होगी, जिसके जरिए हितग्राही ऑपरेट कर सकेंगे।

**10. श्रीमती अनीता चौधरी को "स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023" के लिए चयनित किया गया**




- छिंदवाड़ा जिले के ग्राम गढ़मऊ की स्व-सहायता समूह की सदस्य एवं जल सखी श्रीमती अनीता चौधरी को "स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023" के लिए चयनित किया गया हैं।
- श्रीमती चौधरी 4 मार्च को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों सम्मानित होंगी।
- स्व-सहायता समूह की सदस्य बहन अनीता जल सखी के रूप में भी निष्ठापूर्वक दायित्व निभा रही हैं।
- उन्होंने जल कर वसूली के कार्य को बखूबी निभाते हुए ग्राम को शत-प्रतिशत जल कर वसूली की श्रेणी में ला दिया है।
- उनके प्रयासों से ग्राम गढ़मऊ जल जीवन मिशन में हर घर जल ग्राम घोषित है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **किस महिला क्रिकेट टीम छठी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता है ?**
   (a) दक्षिण अफ्रीका
   (b) श्रीलंका
   (c) पाकिस्तान
   (d) ऑस्ट्रेलिया
2. **हाल ही में कहाँ पर नारियल उत्पादों के व्यापार और विपणन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है ?**
   (a) चेन्नई
   (b) हैदराबाद
   (c) मुंबई
   (d) कोलकाता
3. **IEEFA द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार स्वच्छ ऊर्जा अपनाने वाले शीर्ष भारतीय राज्य कौनसे हैं?**
   (a) कर्नाटक
   (b) गुजरात
   (c) A और b दोनों
   (d) केरल
4. **भारत सरकार ने किस समुदाय के धार्मिक गुरु संत सेवालाल महाराज के जयंती का आयोजन प्रथम बार किया है ?**
   (a) सतनामी समुदाय
   (b) बोहरा समुदाय
   (c) सिन्धी समुदाय
   (d) बंजारा समुदाय
5. **निम्न में से किसने हाल ही में स्वदेशी डेटा लिंक संचार: वायुलिंक विकसित किया है ?**
   (a) भारतीय वायु सेना
   (b) स्काई इंडिया
   (c) गरुण
   (d) स्काई एयर
6. **हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति ने आईआईटी इंदौर के छात्रों को ग्लोबल बेस्ट एम- जीओवी अवार्ड प्रदान किए हैं ?**
   (a) मिस्र
   (b) जापान
   (c) अमेरिका
   (d) इसराइल
7. **ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार कौन दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं?**
   (a) बर्नार्ड अर्नाल्ट
   (b) एलन मस्क
   (c) जेफ बेजोस
   (d) कोई नहीं
8. **पहली बार किस राज्य के एक मंदिर में अनुष्ठान करने के लिए 'रोबोट हाथी' का उपयोग किया गया?**
   (a) केरल
   (b) आंध्र प्रदेश
   (c) महाराष्ट्र
   (d) मध्य प्रदेश
9. **प्रदेश के पहली फ़ूड एटीएम मशीन कहाँ पर लगाई गयी है ?**
   (a) ग्वालियर
   (b) जबलपुर
   (c) इंदौर
   (d) भोपाल
10. **निम्न में से कौन जल सखी के रूप में "स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान" के लिए चयनित हुई हैं ?**
   (a) श्रीमती कौशल्या रघुवंशी
   (b) श्रीमती उमा पाण्डेय
   (c) श्रीमती अनीता चौधरी
   (d) श्रीमती रूपा चौधरी

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (b) | (c) | (d) | (a) | (a) | (b) | (a) | (d) | (c) |